षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक- 22 नवम्बर, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.16 बजे पूर्वा० तक ।

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :- (यथा संलग्न)

[2] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(ii) श्री मो० नेमतुल्लाह
(iii) श्री रामचन्द्र सहनी
(iv) श्री रामदेव राय
(v) श्रीमती प्रेमा चौधरी

[3] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
(iii)	श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
(iv)	श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य	सदस्य
(v)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा	सदस्य

(vi)	श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि	सदस्य
(vii)	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल	सदस्य
(viii)	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०	सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] अनुमत विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्नलिखित विधेयकों की एक विवरणी जिसमें महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमति प्रदान की गई है और जिसकी सूचना त्रयोदश सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है को सभा पटल पर रखा गया ।

महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i) दहेज प्रतिषेध (बिहार संशोधन) (निरसन) विधेयक, 2018	20.05.2019

महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2019	29.07.2019
(ii) बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2019	29.07.2019
(iii) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति विधेयक, 2019	29.07.2019
(iv) बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1977-78, 1978-79, 1984-85, 1987-88, 1988-89, 1990-91, 1998-99, 1999-2000, 2003-2004, 2010-2011 एवं 2015-16) विधेयक, 2019	03.08.2019
(v) बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019	03.08.2019
(vi) बिहार मोटर वाहन करारोपण (संशोधन) विधेयक, 2019	10.08.2019

[5] वित्तीय कार्य :-

(i) माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया ।

(ii) माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 1982-83 एवं 2004-05 के अधिकाई व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया ।

[6] **<u>शोक प्रकाश</u> :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० नैयर आजम, पूर्व० स०वि०स०

(ii) स्व० रघुपति गोप, पूर्व० स०वि०स०

(iii) स्व० डॉ० जगन्नाथ मिश्र, पूर्व० मुख्यमंत्री, बिहार एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री

(iv) स्व० जेठमलानी राम बूलचंद, पूर्व० लोक सभा एवं वर्तमान राज्यसभा सदस्य

(v) स्व० तुलसी दास मेहता, पूर्व० स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-25 नवम्बर, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-22.11.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।